मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में आदिवासी परिवारों को सरकारी सहायता

1142. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान केन्द्रीय सरकार द्वारा मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों के कितने परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी ;

(ख) उक्त राशि में से कितनी राशि का उपयोग किया गया है ; और

(ग) केन्द्रीय सरकार द्वारा इस शीर्ष के अधीन वर्ष 1991–92 के दौरान मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश को कितनी-कितनी राशि उपलब्ध कराये जाने की संभावना है ?

कल्याण मंत्री (श्री सीता राम केसरी) : (क) से (ग)

मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में आदिवासी परिवारों को सरकारी सहायता

राज्य	सातवीं पंचवर्षीय योजना		1990–91 के दौरान निर्मुक्त की गई विशेष केन्द्रीय सहायता (रु० लाखों में)	1991–92 के दौरान विशेष केंद्रीय सहायता का संभावित आवंटन (रू० लाखों में)	दिसंबर, 1991 तक निर्मुक्त की गई विशेष केंद्रीय सहायता (रु० लाखों में)
	अनुसूचित जनजाति परिवार जिन्हें आर्थिक रूप से सहायता दी गई (संख्या)	उपयोग की गई विशेष केन्द्रीय सहायता (रु० लाखों में)			
1. मध्य प्रदेश	12,20,279	13,361.48@	6,237.28	6,566.87	4,65 6.80
2. उत्तर प्रदेश	20,721	116.30@	68.848	56.10	39.80

@इसमें 1988–89 और 1989–90 का उपयोग की गई राशि शामिल नहीं है क्योंकि यह मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश की राज्य सरकारों द्वारा सूचित नहीं की गई है ।

*उक्त विशेष केंद्रीय सहायता के आंकड़े सितम्बर, 1991 तक निर्मुक्त की गई दो किस्तों से संबंधित है :—

नोट : 1981 की जनगणना के अनुसार उक्त राज्यों में अनुसूचित जनजाति जनसंख्या इस प्रकार है :—

(संख्या लाखों में)

राज्य	कुल जनसंख्या	अनुसूचित जनजाति जनसंख्या	कुल जनसंख्या की तुलना में अनुसूचित जनजाति जनसंख्या का प्रतिशत
मध्य प्रदेश	521.79	119.87	22.97 प्रतिशत
उत्तर प्रदेश	1103.62	2.33	0.21 प्रतिशत